हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार 19 मार्च 2026

11 युवा पीढ़ी नशे के जाल से बाहर निकालना जरूरी : भवानी सिंह



12 सड़कों पर उतरे नप कर्मचारी, फूंका 'ठेकेदारी प्रथा' का पुतला



## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए मेडिकल कैंप 20 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरिष्ठ नागरिक परिषद के तत्वाधान में नागरिक अस्पताल फतेहाबाद के सीएमओ कार्यालय के सहयोग से मार्च माह का निशुल्क मेडिकल चैकअप कैम्प 20 मार्च शुक्रवार को बाल भवन फतेहाबाद के हॉल में प्रातः 10 बजे से प्रधान ईश्वर देवी की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि इस चेकअप कैम्प में सेवानिवृत डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में टीम वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क जांच करेगी व दवाइयां भी वितरित की जाएगी।

### अवैध पिस्तौल सहित युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया की टीम ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व अपराध रोकथाम के दौरान गांव भड़ोलावाली की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस वाहन को देखकर अचानक पीछे मुड़कर भागने लगा। पुलिस ने संदेह के आधार पर युवक को काबू किया।

### नशीली गोलियों की तस्करी में महिला काबू

**फतेहाबाद।** मेडिकल नशे की तस्करी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने लखनऊ निवासी एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मीरा तिवारी पत्नी अविनाश निवासी मोहिबल, जिला लखनऊ के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस मामले की शुरुआत 1 अगस्त 2024 को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर हुई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की।

### शेखुपुर दड़ौली में प्रशासन का रात्रि प्रवास आज

**फतेहाबाद।** जिला प्रशासन की ओर से फतेहाबाद के खंड भट्टू कलां के गांव शेखुपुर दड़ौली के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 19 मार्च, वीरवार को सायं 5 बजे से रात्रि प्रवास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि रात्रि प्रवास के दौरान डीसी डॉ. विवेक भारती और एसपी सिद्धांत जैन ग्रामीणों से समन्वय स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनका समाधान करवाएंगे।

### युवक को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एएनसी सेल फतेहाबाद ने एक युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। एएनसी सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक साधु राम ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान फतेहाबाद रोड, भूना स्थित बाबा राणाधीर मंदिर वाली गली के पास मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबराकर वापस मुडक़र भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए उसे काबू किया।

# पश्चिमी विक्षोभ के चलते बदला मौसम, तेज हवाओं के बाद हुई बूंदाबांदी

■ किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें खिंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते बुधवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और बादल छा गए। कुछ ही देर में तेज हवाएं चलने लगी और बूंदाबांदी शुरू हो गई। मौसम बदलने के बाद यहां के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को यहां पारा 2 डिग्री ओर गिरकर अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। मौसम में ठंडक आने को फसलों के लिए वरदान माना जा रहा है लेकिन तेज हवाओं और बारिश से किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें खिंच गई है। बता दें कि मौसम विभाग ने 18 से 21 मार्च तक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने की भविष्यवाणी कर रखी हैं। दरअसल, पहाड़ों में बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में ठिठुरन फिर से बढ़ गई है। शुक्रवार को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बारिश व ओलावृष्टि की संभावना है। 20 मार्च को प्रदेश के अधिकांश जिलों में अच्छी बारिश हो सकती है। दो दिन पूर्व 3 डिग्री तापमान गिरा तो बुधवार को 2 डिग्री तापमान ओर गिरने से मार्च में जनवरी की फिलिंग आने लगी है। जिला में दिसंबर से लेकर अब तक मामूली बरसात हुई है। गेहूं की बिजाई के बाद पर्याप्त बरसात न होने से गेहूं उत्पादक किसान चिंतित थे। कृषि विशेषज्ञों का मानना था कि लगातार बढ़ रहे तापमान से गेहूं की बालियों में दूध सूख रहा है और दाना मजबूत नहीं हो रहा। ऐसे में उत्पादन कम होने के आसार बन गए थे। इस बार फरवरी व मार्च महीने में बरसात नहीं हुई। अब तीन दिन से अचानक मौसम ने करवट ली तो तापमान 35 डिग्री से गिरकर 28 डिग्री तक आ गया। ऐसे में गेहूं उत्पादक किसानों को उम्मीद जगी है कि अब गेहूं के अंतिम चरण में फसल में बालियां मजबूत होंगी और औसत उत्पादन भी बढ़ेगा। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की संभावना जताई थी तो तब भी किसान चिंतित हो गए थे। मौसम विभाग की उम्मीद के मुताबिक ही 18 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ तो तेज हवाएं चली और बूंदाबांदी शुरू हो गई।



फतेहाबाद। हल्की बूंदाबांदी से खुशनुमा हुआ मौसम। फोटो : हरिभूमि

### 22 तक परिवर्तनशील रहने की संभावना

प्रदेश में 22 मार्च तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 18 मार्च से राज्य के मौसम में बदलाव आया है। 19 मार्च से 21 मार्च के दौरान राज्य में आंशिक बादल तथा हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने तथा कहीं कहीं गरजचमक के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश होने के भी आसार है। इस दौरान कुछ एक स्थानों पर तेज बारिश हो सकती है। बीच-बीच में हवाओं में बदलाव आने से दिन के तापमान में गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना है। -**डॉ.मदन खीचड़**, मौसम विभाग, एचएयू हिसार

### खराब मौसम से किसान चिंतित

**सिरसा।** मौसम में आए बदलाव से जिला के किसान चिंतित हैं। बुधवार को आसमान में बादल छाए रहे। सरसों व गेहूं की फसल पकने के कगार पर खड़ी हैं। किसानों की चिंता है कि यदि हवा के साथ बरसात हुई तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। मौसम विभाग ने 19 मार्च के लिए ओले और आंधी का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा के हिसाब से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग ने मौसम की इस करवट को देखते हुए किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है कि किसान गेहू में पीली रतुआ और कीटों पर नजर रखें, जरूरत अनुसार ही सिंचाई करें। सरसों में माहू से बचाव के लिए स्प्रे, कटाई बारिश के बाद करें। तेज हवा व बारिश के चलते अभी स्प्रे, खाद का छिड़काव टालें। वहीं मौसम में आए बदलाव से तापमान में भी गिरावट आई है।

## सिलेंडर नहीं मिलने पर बंद हो जाएगी कैंटीन

# 10 रुपये वाली खाने की थाली पर संकट, अटल कैंटीन में गैस खत्म

■ कैंटीन में 4 सिलेंडर है, जिनमें 3 खाली पड़े और केवल एक ही चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सरकार द्वारा चलाई गई 10 रुपए में खाना देने की मुहिम 'अटल किसान कैंटीन' में गैस सिलेंडर की किल्लत के चलते संकट में आ गई है। इस कैंटीन में कमर्शियल गैस सिलेंडर प्रयोग होते हैं जिनका स्टॉक पूरी तरह से खत्म हो चुका है। गाइडलाइन के मध्यनजर अटल श्रमिक कैंटीन का संचालन करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाएं घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग नहीं कर पा रही हैं। कैंटीन में 4 सिलेंडर है, जिनमें 3 खाली पड़े है और केवल एक ही चल रहा है जो कभी भी खत्म हो सकता है। ऐसे हालत में स्वयं सेविकाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी से जूझ रही इन महिलाओं ने फतेहाबाद जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि या तो उनके कमर्शियल सिलेंडर दिलवाए जाएं या फिर घरेलू गैस सिलेंडर प्रयोग करने की अनुमति दी जाए। महिलाओं ने कहा कि सरकार जहां देश में पर्याप्त गैस होने की बात कह रही है, वहीं सस्ता खानी मुहैया करने वाली कैंटीन को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उनका काम प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने बताया कि गैस सिलेंडर की किल्लत के चलते अब लकड़ियां भी महंगी हो गई हैं।




फतेहाबाद। अनाज मंडी स्थित अटल कैंटीन।

### रोजाना 200 से 250 लोग भोजन करने आते

अनाज मंडी में स्थित अटल कैंटीन में कार्यरत महिलाओं ने बताया कि इस कैंटीन में लोगों को केवल 10 रुपये में भोजन की थाली दी जाती है। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। अब गेहूं का सीजन में यहां मण्डी में आने वाले किसान, मजदूरों की संख्या बढ़ जाएगी, ऐसे में सिलैंडर की खपत भी बढ़ जाएगी। अगर अटल कैंटीन को पर्याप्त गैस उपलब्ध नहीं हुई तो उन्हें मजबूरी में चूल्हे पर खाना बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहले एजेंसी से आसानी से सिलेंडर मिल जाता था, लेकिन अब कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। कई बार कोशिश करने के बाद भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं हुआ कैंटीन में लगभग 6 से 7 लोग काम करते हैं और रोजाना 200 से 250 लोग यहां भोजन करने आते हैं। यह भोजन खासकर मजदूरों और जरूरतमंद लोगों के लिए काफी सस्ता पड़ता है। सिलेंडर न मिलने के कारण उन्होंने लड़कियां खरीदी है। होटलों में भी खाना महंगा हो गया है, जिसके चलते अब मजदूर व जरूरतमंद लोग यहां पर ज्यादा यह खाना खाने के लिए आने लगे हैं।

### गैस संकट ने बढ़ाई जनता की परेशानी: डॉ. कृष्ण जमालपुर

**सिरसा।** जन समाज पार्टी हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. कृष्ण जमालपुर ने प्रदेश में बढ़ती जन समस्याओं, विशेषकर गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है, लेकिन सरकार जनहित के बजाय पूंजीपतियों और बड़े व्यापारियों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है। डॉ. जमालपुर ने कहा कि प्रदेश में गैस सिलेंडर की भारी कमी ने घर-घर की रसोई को प्रभावित कर दिया है। गरीब परिवारों के लिए चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया है, वहीं छोटे दुकानदार, चाय-पानी के ठेले और ढाबा संचालकों का रोजगार ठप होने की कगार पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के चलते कृत्रिम संकट पैदा कर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे कुछ चुनिंदा लोगों को आर्थिक लाभ पहुंचाया जा रहा है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिजली-पानी की समस्याएं और अब गैस संकट ने जनता की कमर तोड़ दी है।

## ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए टीम गठित

# गैस एजेंसियों को रोजाना देनी होगी सप्लाई स्टेटस रिपोर्ट

■ गैस व्यवस्था को लेकर एजेंसी संचालकों के साथ समीक्षा बैठकें की भी की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गैस एजेंसियों पर सिलेंडरों के लिए अचानक से शुरू हुई भागदौड़ रोकने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग एक्टिव हो गया है। जिले के सभी 23 गैस एजेंसी संचालकों को रोजाना बुकिंग और सप्लाई की स्टेटस रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। गैस व्यवस्था को लेकर एजेंसी संचालकों के साथ समीक्षा बैठकें की भी की जा रही हैं। गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ कम नहीं हो रही है। लोग गैस सिलेंडर एडवांस में भरकर रख रहे हैं। ऑनलाइन बुकिंग और सप्लाई का अंतर इससे बढ़ा है।

गैस सिलेंडरों की कमी के कारण आधे से ज्यादा दुकानदार डीजल आधारित भ_ी या फिर स्टीम बॉयलर से काम चला रहे हैं, जिसके कारण इन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन विकल्प नहीं होने के कारण दुकानदार काम कर रहे हैं। इससे इन दुकानदारों को काफी नुकसान भी हो रहा है। क्योंकि स्टीम बायलर से भारी मात्रा में धुंआ का उत्सर्जन होता है, इससे कम जगह के दुकानदारों को बहुत दिक्कत हो रही रही है। जबकि बड़े दुकानदार डीजल भट्टियों को अपना चुके हैं।




फतेहाबाद। शहर में स्थित सुखमणी गैस एजेंसी। फोटो : हरिभूमि

### केरोसिन मिले तो राहत मिलेगी

प्रदेश सरकार द्वारा केरोसिन की सप्लाई शुरू करने का फैसला स्वागत योग्य है। राशन डिपो के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को केरोसिन की सप्लाई की बात कर रही है। इसमें हलवाई और दुकानदारों को भी शामिल किया जाना चाहिए। इससे जहां सिलेंडर का निर्भरता खत्म होगी, वहीं सस्ती ऊर्जा से लोगों को राहत मिलेगी।

### गैस कंपनियों में गड़बड़ी मिलने के बाद कार्रवाई

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जिले के सभी एजेंसियों पर नजर रखी जा रही है, जिसके लिए चार टीमों का गठन भी किया गया है। पिछले दिनों इन टीमों ने फतेहाबाद और रतिया में छापामार कार्रवाई की थी, जिसमें काफी सिलेंडरों को पकड़ा गया था। इसके अलावा भट्टू व टोहाना में भी कार्रवाई की गई है। जहां पर एजेंसी से ही गड़बड़ी करने का मामला सामने आया था। इसके मद्देनजर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने गैस एजेंसी संचालकों को नोटिस जारी कर उनसे बुकिंग और सप्लाई का रोजाना का डाटा मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए विभाग द्वारा संचालकों के साथ मीटिंग करने का प्लान भी बनाया जा रहा है, ताकि सिलेंडरों के कमी के इस प्रेशर को कम किया जा सके।

### लगातार सप्लाई दे रहे

उपभोक्ता थोड़ा घबरा गया है, सभी लोग अतिरिक्त एक सिलेंडर रखना चाहते हैं, जिसके कारण यह समस्या बनी है। कंपनियों के कर्मचारियों का कहना है कि वह लगातार सप्लाई दे रहे हैं। इसकी सही रिपोर्ट के लिए एजेंसी संचालकों से रोजाना डिमांड और सप्लाई की सूची मांगी गई है। -**कौशल बुरा**, डीएफएससी फतेहाबाद

## गोलीबारी से मौके पर मची अफरातफरी

# शराब ठेके पर फायरिंग, नकाबपोश बदमाश ने 3 राउंड चलाए, जांच तेज

**भूना।** गांव चौबारा में मंगलवार की देर रात उस समय दहशत फैल गई, जब एक नकाबपोश बदमाश ने शराब ठेके पर ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से मौके पर मौजूद कारिंदे में अफरा-तफरी मच गई। कारिंदे दया राम जांडलीकला ने किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई। वारदात के बाद आरोपी गाली-गलौज करता हुआ मोटरसाइकिल पर फरार हो गया।घटना के तुरंत बाद कारिंदे ने ठेकेदार अजय महला को सूचना दी। पुलिस ने अजय महला की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौके से पुलिस को पिस्तौल के तीन खाली खोल भी बरामद हुए हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। शुरुआती जांच में इस घटना को गैंगवार से जोड़कर भी देखा जा रहा है। दरअसल, यह ठेका शराब कारोबारी राजकुमार उर्फ राजा के फुफेरे भाई सुरेश कुमार एंड कपनी के नाम पर है, जबकि संचालन अजय महला देख रहे हैं।राजकुमार उर्फ राजा ने इस फायरिंग के पीछे भांभू गैंग के सरगना विक्रम भांभू का हाथ होने की आशंका जताई है।

## घर-घर जाकर बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित करेगी टीम

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने कसी कमर काटे 8 अवैध कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

भूना शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जल शुल्कों की बकाया राशि की वसूली के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। विभाग द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी के बिलों की रिकवरी और अवैध कनेक्शनों की जांच करके भूना शहर के श्याम विहार में 8 कनेक्शन काटे गए हैं। विभाग के जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि विभाग का मुख्य लक्ष्य उन उपभोक्ताओं से संपर्क करना है जिनके जल शुल्क लंबे समय से लंबित हैं। इन टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे घर-घर जाकर बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित करें। रिकवरी के साथ-साथ ये टीमें शहर में अवैध रूप से चल रहे पानी के कनेक्शनों की भी जांच करेंगी। बिना अनुमति लिए पानी का उपयोग करने वालों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जा रही है।



फतेहाबाद। भूना में पानी के कनेक्शन कटवाते विभाग के अधिकारी।

### पानी बहुमूल्य संसाधन

कनिष्ठ अभियंता विकास पारीक ने कहा कि पानी एक बहुमूल्य संसाधन है। विभाग का उद्देश्य न केवल राजस्व प्राप्त करना है, बल्कि आमजन को पानी की बर्बादी रोकने और वैध कनेक्शन के माध्यम से व्यवस्था का हिस्सा बनने के लिए जागरूक करना भी है। उपमंडल अभियंता ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने पानी के बिलों का समय पर भुगतान करें ताकि भविष्य में निर्बाध और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। यदि किसी उपभोक्ता का कनेक्शन अवैध है, तो वे तुरंत उसे नियमित करवा लें, अन्यथा चेकिंग के दौरान पाए जाने पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है।

# दिनदहाड़े लूट का मामला संदिग्ध पुलिस जांच में नहीं मिले ठोस सबूत

■ भट्टू गांव के पास 9.75 लाख की लूट का मामला

**भूना।** टोहाना रोड पर भट्टू गांव के पास मंगलवार को दिनदहाड़े संध्या आयुर्वेदिक मार्केटिंग कंपनी के संचालक शेर सिंह गोदारा से कथित 9 लाख 75 हजार रुपए की लूट का मामला अब संदिग्ध बनता जा रहा है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में इस वारदात के कोई ठोस सबूत सामने नहीं आए हैं, जिससे पूरे घटनाक्रम पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, बोस्ती निवासी हाल आबाद भूना के शेर सिंह गोदारा ने मंगलवार को पुलिस को मौखिक रूप से बताया था कि 17 मार्च की सुबह वह मोटरसाइकिल पर टोहाना रोड से जा रहे थे। इसी दौरान भट्टू गांव से पहले एक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश युवकों ने पिस्तौल के बल पर उनसे 9.75 लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन कहीं भी इस तरह की कोई लूट की वारदात सामने नहीं आई। इसके अलावा पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, मगर किसी ने भी घटना की पुष्टि नहीं की।

# हैप्पी कार्ड से 1000 किलोमीटर तक कर सकेंगे निःशुल्क यात्रा

■ जरूरतमंद परिवारों को यात्रा सुविधा देने की दिशा में कदम

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। 'हैप्पी कार्ड' योजना के तहत अब वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम वाले परिवारों को हरियाणा रोडवेज की बसों में प्रतिवर्ष 1000 किलोमीटर तक निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जा रही है। योजना के तहत परिवार के प्रत्येक सदस्य को परिवहन विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन अप्लाई करना होता है, प्रत्येक सफल आवेदन के बाद एक रैफरेंस नंबर जनरेट होता है, इसके उपरांत विभाग द्वारा प्रत्येक सदस्य को एक स्वाइप कार्ड जारी किया जाता है। जिसके आधार पर हरियाणा रोडवेज की बस में निशुल्क बस यात्रा की सुविधा मिलती हैं। प्रत्येक कार्ड धारक पूरे एक साल में एक हजार किलोमीटर की अधिकतम निशुल्क यात्रा कर सकता है। पात्र लाभार्थी के आय की गणना फैमिली आईडी के आधार पर की जाती है। स्वाइप कार्ड प्राप्ति के दौरान आवेदक को निर्धारित शुल्क देना होता है।

**धर्म-कर्म**

## कलश स्थापना के लिए दोपहर 12:05 से 12:53 तक अभिजीत मुहूर्त

आज से विक्रम सम्वत् 2083 का शुभारंभ हो रहा

# चैत्र नवरात्रे आज से, नौ दिनों तक होगी मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा, बाजारों में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हिंदू धर्म में नवरात्रि के पर्व को बहुत ही ज्यादा पावन और पवित्र माना जाता है। यह पर्व देशभर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों में माता रानी के भक्त व्रत रखते हैं और विधि पूर्वक उनकी पूजा करते हैं। इसके अलावा नवरात्रि के ये पावन दिन शुभ कार्यों के लिए बेहद ही उत्तम माने जाते हैं। इन दिनों बिना कोई मुहूर्त देखे कई शुभ कार्य किए जाते हैं। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। साथ ही लोग अपने घरों में कलश की स्थापना करते हैं और नौ दिनों तक अखंड ज्योति भी जलाते हैं। अब चैत्र नवरात्रि के चलते बाजारों में रौनक बढ़ गई है। चैत्र माह के नवरात्रों के आरंभ होने पर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। बता दें कि आज से विक्रम सम्वत् 2083 का शुभारंभ हो रहा है। इस वर्ष 13 महीने का साल होगा।

नवरात्रे रखने के लिए भक्त माता रानी का श्रृंगार करने के लिए तरह तरह की पूजा सामग्री खरीदते हुए दिखाई दे रहे हैं। आगामी 9 दिन तक माता के भक्त उपवास रखकर माता की पूजा अर्चना करेंगे। श्री श्याम मंदिर



नवरात्रों को लेकर सजा श्री श्याम मंदिर।

### प्रतिपदा तिथि पर स्नान कर पूजा का संकल्प ले



पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि घटस्थापना करने के लिए सबसे पहले प्रतिपदा तिथि पर सुबह जल्दी स्नान करके पूजा का संकल्प लें। फिर इसके बाद पूजा स्थल की सजावट करें और चौकी रखें जहां पर कलश में जल भरकर रखें। इसके बाद कलश को कलावा से लपेट दें। कलश के ऊपर आम और अशोक के पत्ते रखें। इसके बाद नारियल को लाल कपड़े से लपेट कर कलश के ऊपर रखें। धूप-दीप जलाकर मां दुर्गा का आवाहन करें और शास्त्रों में मां दुर्गा के पूजा उपासना की बताई गई विधि से पूजा प्रारंभ करें।

फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा की जाती है। इनमें से पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा करने का विधान होता है। माता का स्वरूप अत्यंत शांत, सुशील, दया पूर्ण और सरल है।



# विक्रम संवत 2083 प्रारंभ : जानें क्या है खास
# गुरु-मंगल की जोड़ी किसका करेगी बेड़ा पार

गुरुवार से 2026 से हिंदू नववर्ष यानी विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ होने जा रहा है। यह पावन दिन हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है और इसी के साथ भारतीय नवसंवत्सर की शुरुआत मानी जाती है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे, जबकि इस संवत का नाम 'रौद्र संवत्सर' रखा गया है। हिंदू नववर्ष सनातन परंपरा का बेहद महत्वपूर्ण पर्व है। मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए यह दिन नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। इसी दिन से विक्रम संवत की शुरुआत होती है, जिसे सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित किया गया था और यह ग्रेगोरियन कैलेंडर से लगभग 57 वर्ष आगे चलता है।

## आज शुरू होगा हिंदू नववर्ष

*देश में इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी और उत्तर भारत में नवसंवत्सर।*

## यह रहेगा प्रभाव

ज्योतिष के अनुसार जब बृहस्पति राजा होते हैं तो धर्म, शिक्षा और ज्ञान में वृद्धि होती है, वहीं मंगल मंत्री होने से साहस, ऊर्जा और प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आती है। इस साल एक खास संयोग भी बन रहा है। मीन राशि में सूर्य, चंद्रमा, शुक्र और शनि का चतुर्ग्रही योग, जो इसे और प्रभावशाली बना रहा है।

## सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व



सनातन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र माना गया है। मान्यता है कि इसी तिथि से सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए इसे नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए श्रेष्ठ समय माना जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी, जबकि उत्तर भारत में इसे नवसंवत्सर के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग घरों की साफ-सफाई, पूजा-पाठ और नए कार्यों की शुरुआत करते हैं।

-पंडित कृष्ण दत्त गौड़, ज्योतिषाचार्य



### मेष

इस राशि के जातकों का सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। करियर में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं और लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां या पदोन्नति मिल सकती हैं। व्यापारियों को भी नए प्रोजेक्ट या साझेदारी से लाभ मिलने की संभावना है। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।



### कर्क

कर्क राशि के जातकों के लिए यह नववर्ष परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में शुभ संकेत दे सकता है। जमीन या वाहन खरीदने के योग बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ सकता है। हालांकि भावनात्मक फैसलों से बचना और धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। हालांकि जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।




### तुला

तुला राशि के जातकों के लिए साझेदारी और व्यापार के मामलों में यह वर्ष अनुकूल रह सकता है। व्यापार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ सकती है। नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे भविष्य में लाभ होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी।




### मकर

मकर राशि वालों के लिए यह वर्ष घर-परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण हो सकता है। परिवार में शुभ कार्य होने के योग बन सकते हैं। करियर में स्थिरता आएगी और मेहनत का अच्छा फल मिल सकता है। हालांकि काम का दबाव भी बढ़ सकता है। इससे शुरूआत में कुछ परेशानी हो सकती है।



### वृषभ

वृषभ राशि के लोगों के लिए यह नववर्ष आर्थिक दृष्टि से अनुकूल सिद्ध हो सकता है। आय के नए स्रोत बनने की संभावना है और निवेश से लाभ मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रह सकती है। हालांकि खर्चों में भी वृद्धि हो सकती है, इसलिए बजट का संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।



### सिंह

इस राशि के लोगों के लिए भाग्य का साथ मिल सकता है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही परेशानियों में कमी आ सकती है। व्यापारियों को भी लाभ मिलने के योग बन सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा और मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है।



### वृश्चिक

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में बदलाव के योग बन सकते हैं। नई नौकरी या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। मेहनत और लगन से किए गए कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। हालांकि विरोधियों से थोड़ा सावधान रहने की जरूरत होगी।



### कुंभ

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह वर्ष करियर और कारोबार के लिहाज से शुभ सिद्ध हो सकता है। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकती है। नौकरी और व्यापार दोनों में प्रगति के योग बन सकते हैं। हालांकि सावधानी से कदम बढ़ाने होंगे।




### मिथुन

मिथुन राशि वालों के लिए यह वर्ष करियर और शिक्षा के लिहाज से अच्छा साबित होगा। नौकरी में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में भी सफलता मिलने के संकेत हैं।



### कन्या

कन्या राशि वालों के लिए यह वर्ष मिश्रित परिणाम देने वाला रह सकता है। कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है, लेकिन उसका फल भी मिलेगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना बेहतर रहेगा।



### धनु

धनु राशि के जातकों के लिए यह वर्ष शिक्षा, ज्ञान और करियर के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम दे सकता है। विद्यार्थियों के लिए यह समय अच्छा रह सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति भी धीरे-धीरे मजबूत हो सकती है।



### मीन

मीन राशि के लोगों के लिए यह वर्ष आर्थिक रूप से मजबूत साबित हो सकता है। आय में वृद्धि के संकेत मिल सकते हैं। करियर में नई जिम्मेदारियां और अवसर मिल सकते हैं। नौकरी उन्नति के योग हैं। परिवार में सुखद वातावरण बना रह सकता है।

# सेहत




## डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सिर के एक साइड हो बहुत तेज दर्द



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले दो-तीन हफ्तों से मेरे सिर में दाहिनी तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुलभूषण, धमतरी**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको माइग्रेन हो रहा है। आपको इस बात पर गौर करना चाहिए कि सिर दर्द किन वजहों से होता है? कई लोगों को धूप में आने से तो कुछ लोगों को भूख लगने से तो कुछ को तनाव की वजह से सिर दर्द होता है। समस्या की पहचान कर उससे बचने का प्रयास करना चाहिए। अगर अधिक दिक्कत होती है तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर माइग्रेन दर्द की दवा लिखवा लेनी चाहिए। लेकिन दर्द की दवा का इस्तेमाल ज्यादा ना करें।

**मेरी उम्र 19 वर्ष है। मुझे दिन भर कुछ-न-कुछ खाने की इच्छा होती रहती है। मेरा वजन भी बढ़ रहा है। कृपया बताएं कि मैं अपनी भूख पर कैसे कंट्रोल करूं?**

**-राजवीर, इमेल से**

हालांकि भूख ज्यादा लगने के कारण कभी-कभी शुगर का लेवल बढ़ने लगता है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो थायराइड संबंधी समस्या भी इसकी वजह हो सकती है। बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे आपके ब्लड की कुछ जांच कराएंगे, जिससे आपकी समस्या की वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का खाना और अधिक तेल-मसाले वाला खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-योगेंद्र, बिलासपुर**

यह गांठ किस तरह की है, यह बिना जांच किए कहना मुश्किल है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे इसकी प्रॉपर जांच करेंगे और अगर ऑपरेट करने की जरूरत होगी तो उसे ऑपरेट कर देंगे। लेकिन बगैर जांच कराए आप अपने मन से इस रोग का ट्रीटमेंट ना करें। यह हार्मफुल हो सकता है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरे दोनों पैर दिन में कभी भी अचानक कुछ मिनटों के लिए सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई सेंसेशन नहीं होता। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-संदीप, भोपाल**

इस तरह की समस्या कई बार नर्वस सिस्टम से जुड़ी होती है तो कई बार मस्तिष्क से संबंधित होती है। यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, यह आपने नहीं बताया। क्या आपको हाल-फिलहाल में सिर पर चोट तो नहीं लगी है? अगर ऐसा है तो आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच कर इसका ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 40 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में विटामिन बी12 की कमी आई है। क्या मैं मल्टीविटामिन सप्लीमेंट ले सकता हूं? कितने दिनों तक इसे लेना सही रहेगा?**

**-जतिन, दुर्ग**

विटामिन बी12 की कमी आपको जांच करने के बाद पता चली है क्या? अगर ऐसा है तो इसकी दवा ली जा सकती है, लेकिन पहले आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वही इसकी दवा लिखेंगे। वही दवा आप शुरू करें। यह इस बात पर डिपेंड करेगा कि आपका विटामिन बी12 का लेवल कितना कम है, उसके अनुसार इसकी डोज तय की जाएगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. एस.पी. राय
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

एक खतरनाक बैक्टीरिया के संक्रमण से टीबी रोग किसी को भी हो सकता है। हालांकि इससे बचाव और उपचार की कारगर दवाएं मौजूद हैं, लेकिन आज भी दुनिया में बड़ी संख्या में लोग टीबी से ग्रस्त होकर अपनी जान गंवाते हैं। **वर्ल्ड टीबी डे (24 मार्च)** के अवसर पर आपको डिटेल में बता रहे हैं, इसके होने के कारण, प्रमुख लक्षण, जांच, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

# संभव है टीबी से बचाव-उपचार



हजारों साल से चली आ रही बीमारी है ट्यूबरकुलोसिस (टीबी), जिसे राजयक्ष्मा, क्षय रोग या तपेदिक भी कहा जाता है। टीबी आज भी दुनिया के कई देशों के लिए स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया से वर्ष 2030 तक इस बीमारी को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके प्रति अवेयरनेस बढ़ाने के लिए ही वर्ल्ड टीबी डे मनाते हैं। इस साल वर्ल्ड टीबी डे की थीम है- 'यस! वी कैन एंड टीबीः लेड बाय कंट्रीज, पॉवर्ड बाय पीपुल।' इसका आशय है-जी हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। इस कार्य में विभिन्न देशों के राजनीतिक नेतृत्व और जनता को अपनी-अपनी तरफ से भागीदारी निभानी होगी।

**इस जीवाणु से होता है टीबीः** 24 मार्च 1882 में जर्मनी के डॉ. रॉबर्ट कॉच ने टीबी के जीवाणु-माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरकुलोसिस का पता लगाया था। इस जीवाणु के नाम पर ही इस बीमारी का नाम ट्यूबरकुलोसिस संक्षेप में टीबी पड़ा। आमतौर पर लोगों को फेफड़े की टीबी की समस्या ज्यादा होती है। टीबी से ग्रस्त किसी व्यक्ति के खांसने या छींकने या फिर बात करने के दौरान जब उस शख्स के मुंह से ड्रॉपलेट्स निकलते हैं, वे हवा के माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति को टीबी से संक्रमित कर सकते हैं। फेफड़ों की टीबी का प्रमुख कारण यही है। लगभग 80 से 85% लोग फेफड़ों की टीबी से ग्रस्त होते हैं। इस टीबी के बैक्टीरिया, फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। अगर समय रहते फेफड़ों की टीबी का समुचित उपचार कर लिया जाए तो फिर कालांतर में इस बीमारी की जटिलताओं और गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।

**क्या है एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबीः** जब टीबी के जीवाणु फेफड़ों के जरिए रक्त प्रवाह के साथ शरीर के दूसरे अंगों में पहुंच जाते हैं और फिर इन अंगों को क्षीण करने लगते हैं, तो उसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहा जाता है। जैसे हड्डियों, आंतों, रीढ़ की हड्डी, लिंफ नोड्स, गला, लिवर और शरीर के महत्वपूर्ण अंग एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग मस्तिष्क की टीबी और महिलाएं गर्भाशय की टीबी से भी ग्रस्त हो सकती हैं। लगभग 15 प्रतिशत व्यक्ति एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से ग्रस्त हो सकते हैं।

**टीबी के प्रकारः** जीवाणु की सक्रियता के आधार पर दो प्रकार के टीबी हो सकते हैं। एक, सक्रिय यानी एक्टिव टीबी और दूसरा, असक्रिय या लेटेंट टीबी।

**एक्टिव टीबीः** जिन लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु सक्रिय हो जाते हैं तो इस स्थिति में उनमें टीबी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। ऐसे लोग अपनी लापरवाही से दूसरे लोगों को भी टीबी से ग्रस्त कर सकते हैं।

**लेटेंट टीबीः** टीबी के इस प्रकार में लोगों के शरीर में इस बीमारी के जीवाणु तो होते हैं, लेकिन वे सक्रिय नहीं होते। इस कारण ऐसे लोगों में टीबी के लक्षण प्रकट नहीं होते और और न ही ऐसे व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करने में सक्षम होते हैं।


**टीबी संक्रमण के लक्षणः** तीन हफ्तों से अधिक समय से आने वाली खांसी। खांसते समय खून का निकलना। अचानक व्यक्ति का वजन कम होने लगना। लंबे समय तक बुखार बने रहना। भूख का कम होते जाना। थोड़ा सा भी शारीरिक परिश्रम करने पर थकावट या कमजोरी महसूस होना। सांस लेते समय सीने में दर्द महसूस होना। बेवजह पसीना बहुत आना। फेफड़ों के अलावा अन्य अंगों में जो टीबी होती है, उनके लक्षण उन्हीं अंगों के अनुरूप होते हैं। जैसे रीढ़ की हड्डी के टीबी से ग्रस्त होने के कारण कमर में दर्द का लगातार बने रहना आदि लक्षण दिख सकते हैं।





**डायग्नोसिस का तरीकाः** फेफड़ों की टीबी का पता करने के लिए व्यक्ति के बलगम की जांच की जाती है। अगर बलगम की जांच से टीबी का पता नहीं चलता, तब स्प्यूटम कल्चर टेस्ट या एएफबी कल्चर नामक टेस्ट कराने का परामर्श दिया जाता है। अनेक मामलों में छाती के एक्स-रे से भी टीबी का पता करने में मदद मिलती है। फेफड़ों के अलावा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के मामलों जैसे गुर्दों की टीबी के लिए यूरीन कल्चर टेस्ट कराया जाता है। यदि शरीर में गांठ आदि है, तो वहां से फ्लूइड लेकर परीक्षण कराया जाता है। कुछ जटिल मामलों में सीटी स्कैन का परामर्श दिया जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में दर्द की स्थिति में एक्सरे के अलावा एमआरआई जांच भी कराई जाती है आदि।

**ट्रीटमेंट के प्रकारः** आमतौर पर टीबी की मुख्य प्रारंभिक दवाएं-रिफैंपिसिन और आइसोनेक्स हैं, जिनका डॉक्टर की सलाह से नियमित सेवन करने से 6 महीने के अंदर टीबी का मर्ज खत्म हो जाता है। गौरतलब है कि मल्टीड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सटेंसिव ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में ये दोनों ही दवाएं अपना असर दिखाना बंद कर देती हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को सेकेंड लाइन ड्रग्स देने की जरूरत पड़ती है।



आमतौर पर ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में मरीज को दवाएं लगभग साल-डेढ़ साल तक दी जाती हैं। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का इलाज अतीत की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी और कारगर हो गया है। भारत सरकार ने एमडीआर टीबी के इलाज के लिए एक नई और प्रभावी 6 महीने की कम अवधि वाली उपचार पद्धति को मंजूरी दी है, जिसे 'बीपाल्म रेजिमेन' कहा जाता है। 'बीपाल्म रेजिमेन' चार दवाओं का एक संयोजन है, जो पूरी तरह से ओरल रूप में दी जाती है। इसमें बेडाक्विलिन, प्रीटोमैनिड, लाइनजोलिड, मॉक्सीफ्लोक्सासिन शामिल हैं।

**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है, जो एचआईवी से ग्रस्त हैं, जो लोग डायबिटीज टाइप 2 से ग्रस्त हैं, ऐसे लोग जिनका रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यून सिस्टम कमजोर हो गया है।

**इन बातों पर दें ध्यानः** जिन लोगों के टीबी के इलाज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जो लोग टीबी से ठीक हो चुके हैं, उनमें से लगभग 2 से 3% ऐसे लोग हो सकते हैं, जिनमें टीबी के लक्षण दोबारा प्रकट हो सकते हैं। इसे सहज मेडिकल भाषा में टीबी का रिलेप्स होना कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति में दोबारा टीबी के लक्षण प्रकट हों, तो उसे अति शीघ्र अपने डॉक्टर से चेकअप कराना चाहिए और उनके बताए परामर्श पर अमल करना चाहिए। दरअसल, जो पेशेंट टीबी की इलाज प्रक्रिया के दौरान नियमित रूप से दवा नहीं लेते या फिर ऐसे व्यक्ति, जो इलाज की प्रक्रिया को पूरा नहीं करते यानी समय से पहले ही दवाएं बंद कर देते हैं, उनमें टीवी के दोबारा (रिलेप्स) होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से दवाएं लें और इलाज की प्रक्रिया को पूरा करें।

**बढ़ाएं इम्यूनिटीः** जो लोग हेल्दी डाइट नहीं लेते, उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। वास्तव में बड़ी संख्या में लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु होते हैं, लेकिन ये सक्रिय नहीं होते। जब हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल नहीं अपनाते तो व्यक्ति की इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में टीबी के जीवाणु शरीर में सक्रिय हो जाते हैं, जो टीबी रोग का कारण बन सकते हैं। इसलिए टीबी से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपनी डाइट में फलों, सब्जियों, अंकुरित अनाजों और ड्राय फ्रूट्स को वरीयता दें। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### टीबी पेशेंट्स की डाइट



**टीबी के** मरीजों को उच्च प्रोटीन युक्त आहार और फलों का सेवन करना चाहिए। जैसे-दूध और दूध से निर्मित उत्पाद-दही, मट्ठा, सोयाबीन, दालें, अंडा, फिश और मीट। फल खासकर विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और आंवला आदि। इनके अलावा टीबी के मरीजों के लिए विटामिन डी का विशेष महत्व है। विटामिन डी का कुदरती स्रोत सूर्य की किरणें हैं। इसलिए टीबी के मरीजों को सुबह के वक्त लगभग एक घंटे धूप लेनी चाहिए। धूप लेने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मरीज की रिकवरी जल्दी होती है।

# क्या आप भी करते हैं अकसर लॉन्ग सिटिंग

## प्रिकॉशन

डॉ. माजिद अलीम

वजह चाहे आपकी जॉब हो या इनएक्टिव रहने की हैबिट, अगर आप अकसर घंटों बैठे रहते हैं तो इसका आपकी हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है। लॉन्ग सिटिंग से किस तरह के नुकसान हो सकते हैं और इससे बचने के लिए क्या सावधानियां बरत सकते हैं, जानिए।

हम सभी धूम्रपान को स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा मानते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि लगातार कुर्सी पर बैठे रहना भी लगभग उतना ही हानिकारक होता है? हालांकि ऐसा नहीं है कि लगातार बैठे रहने को लेकर यह कोई नया खुलासा हुआ है। हम इस तथ्य को पहले से जानते हैं, हम सब इसके बुरे प्रभावों को जानने के बावजूद हर दिन बिना सोचे समझे यह करते हैं यानी घंटों लगातार बैठे रहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लगातार बैठने को धूम्रपान के समान ही हानिकारक घोषित किया है।

**हृदय रोग की बढ़ती है आशंकाः** पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लगातार बैठने से हर साल लगभग 32 लाख लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यह संख्या धूम्रपान से होने वाली मौतों से भी ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल पूरी दुनिया में 17.9 मिलियन लोग हृदय रोग के कारण अपनी जान गंवा बैठते हैं। लगातार बैठना यानी निष्क्रियता की वजह से ही हृदय रोगों को अपने पैर पसारने में आसानी होती है। जागरूक रहकर हम सक्रिय जीवनशैली के द्वारा 80 प्रतिशत तक के हृदय रोगों को रोक सकते हैं।

**बढ़ रही निष्क्रिय जीवनशैलीः** क्या आपको पता है कि भारत में 25 प्रतिशत वयस्क प्रतिदिन 8 घंटे से भी ज्यादा लगातार बैठकर काम करते हैं और इस दौरान वो 20 मिनट से भी कम का ब्रेक लेते हैं। कमोवेश कॉरपोरेट जगत में ही नहीं बल्कि सेलिब्रिटीज और सामान्य लोगों का लाइफस्टाइल भी इस तरह का ही होता जा रहा है।



**खबर संक्षेप**



## राजकीय महिला कॉलेज में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में बुधवार को प्लेसमेंट सेल द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। फेक्टो के निदेशक रमन सोनी ने छात्राओं को सरकारी नौकरियों में उपलब्ध विविध अवसरों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा करियर निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकारी नौकरी न केवल स्थिरता और सम्मान प्रदान करती है, बल्कि यह सामाजिक सुरक्षा और दीर्घकालिक लाभों का भी महत्वपूर्ण स्रोत है।

## भाजपा की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**सिरसा।** गांव चामल के ग्रीन लैंड पैलेस में भाजपा द्वारा मंडल स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट ने किया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मक्खन सिंह ख्योवाली ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के काम करने की पद्धति से विस्तार पूर्वक अवगत करवाया। पूर्व जिला अध्यक्ष एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शीशपाल कंबोज ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को बताते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सरकार की जनहितैषी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं।

## साइबर अपराधी बच्चों को बना रहे निशाना: एसपी

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि साइबर अपराधी मोबाइल फोन पर वीडियो गेम खेलने वाले बच्चों को निशाना बनाकर साइबर फ्रॉड को अंजाम दे रहे है, इसलिए सावधानी एवं सतर्कता बेहद जरुरी है। उन्होंने बताया कि साइबर ठग बच्चों को विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन प्रलोभन देकर उन्हें अपने जाल में फंसाते हैं। ये ठग कभी गेम्स में फ्री रिवॉर्ड, तो कभी सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान बनाकर बच्चों से संपर्क करते हैं और धीरे-धीरे उनकी निजी जानकारी हासिल कर लेते हैं।

## बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर किया निरीक्षण

**ऐलनाबाद।** बार एसोसिएशन ऐलनाबाद के चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में एसडीएम पारस भागोरिया ने मतदान प्रक्रिया का औचक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ तहसीलदार रविंद्र मलिक भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पारस भगोरिया ने चुनाव की प्रक्रिया को बारीकी से देखा। उन्होंने निर्वाचन अधिकारियों से बातचीत कर व्यवस्था की जानकारी ली। एसडीएम ने निर्देश दिए कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो और नियमों का पूर्ण पालन किया जाए।

## औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण: संजीत

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के एमबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विभाग के अध्यक्ष प्रो. संजीत ने कहा कि औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इससे उन्हें वास्तविक कार्य वातावरण, उत्पादन प्रक्रिया एवं उद्योग की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलता है। इस प्रकार के अनुभव विद्यार्थियों के ज्ञान, कौशल एवं आत्मविश्वास को सुदृढ़ करते हैं।इस भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों को कालांवाली स्थित लवली एग्रो प्रोडक्ट्स का दौरा करवाया गया, जहां उन्होंने उद्योग से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं को नजदीक से समझा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कंपनी की उत्पादन इकाई का विस्तृत अवलोकन करवाया।

### ‘नशे के खिलाफ यात्रा’ को लेकर चलाया जनसम्पर्क अभियान

# युवा पीढ़ी को नशे के जाल से बाहर निकालना जरूरी : भवानी सिंह

*यात्रा से पूर्व देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियां दी जाएंगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

आगामी 23 मार्च को फतेहाबाद में आयोजित होने वाली ‘नशे के खिलाफ एक विशाल यात्रा’ को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में आज विभिन्न गांवों में सघन जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। हिजरावां कलां, अहलीसदर और दरियापुर सहित दर्जनों गांवों में पहुंची ट्रस्ट की टीम का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और इस सामाजिक लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया। जनसम्पर्क अभियान के दौरान ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में सदस्यों ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले नुकसानों बारे जानकारी दी और युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए 23 मार्च को फतेहाबाद में आयोजित होने वाले ‘नशे के खिलाफ एक विशाल यात्रा’ कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने का निमंत्रण दिया।



**फतेहाबाद।** ‘नशे के खिलाफ एक विशाल यात्रा’ को लेकर जनसम्पर्क अभियान चलाती महाशक्ति ट्रस्ट की टीम।

**23 मार्च को दिया जाएगा नशे के खिलाफ संदेश**

जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खीचड़, गुरदीप सरपंच काता खेड़ी, सरपंच मोहन गढ़वाल अकांवली, गुरदीप आयालकी, हरीश बंसल अकांवली, मलकीत सिंह, सुरजीत सिंह, लखमीर सिंह, संदीप सिंह, अमरजीत सिंह, खेम सिंह, बलविन्द्र सिंह, सतविन्द्र सिंह, प्रवीण भिरड़ाना, प्रमोद अहलीसदर, कुलदीप हिजरावां खुर्द, करण सरपंच हिजरावं कलां, संजय सरपंच दौलतपुर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि इस मुहिम को केवल एक ट्रस्ट का कार्यक्रम न मानकर, जिले के विभिन्न सरपंचों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे जन-आंदोलन बनाने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से हाथ उठाकर विश्वास दिलाया कि 23 मार्च को फतेहाबाद की सडकों पर नशे के खिलाफ एक निर्णायक संदेश दिया जाएगा।

ग्रामीण सभाओं को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने भावुक अपील करते हुए कहा कि आज हमारी युवा पीढ़ी नशे के जाल में फंसकर अपना भविष्य बर्बाद कर रही है। शहीदों ने जिस आजाद और खुशहाल भारत का सपना देखा था, वह नशे की बेड़ियों में जकड़ा जा रहा है। हमारा लक्ष्य युवाओं को इस दलदल से निकालकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि यह विशाल यात्रा प्रातः 10 बजे स्थानीय अनाज मंडी से शुरू होगी। यात्रा से पूर्व मंडी शेड के नीचे देशभक्तिपूर्ण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। नाटकों और गीतों के माध्यम से युवाओं को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा। अनाज मंडी से शुरू होकर यह जन-जागरूकता यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई शहीद स्मारक पर संपन्न होगी। ट्रस्ट की टीम ने आज गांव हिजरावां कलां, हिजरावा खुर्द, अहलीसदर, हरिपुरा, दरियापुर, शहीदांवाली, कुकडांवाली, खैरातीखेड़ा, भोडियाखेड़ा, मानावाली, बनगांव, सोत्तर भट्टू, काताखेड़ी, भिरड़ाना, हांसपुर, खुनन, भड़ोलांवाली, बहबलपुर, थेड़ी, नखाटिया सहित दर्जनों गांवों में सभाओं को संबोधित किया।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य समय में करें पूरा

### एसडीएम को कार्य की प्रगति की समीक्षा के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** वीडियो कॉन्फ्रेंस में मौजूद डीसी डॉ. विवेक भारती।

डीसी डा. विवेक भारती ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग, बेहतर समन्वय तथा उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। डीसी डा. विवेक भारती ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके माध्यम से किसानों की फसलों का सटीक, पारदर्शी और अद्यतन रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। इससे भविष्य में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होगी तथा किसानों को लाभ समय पर मिल सकेगा। इससे पूर्व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा के डायरेक्टर लैंड रिकॉर्ड ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे कार्य की प्रगति की दैनिक आधार पर समीक्षा करें।

## क्लब सदस्यों ने उपायुक्त से की मुलाकात

**सिरसा।** सिरसा क्लब के पदाधिकारी बुधवार को क्लब के चेयरमैन व उपायुक्त शांतनु शर्मा से उनके कार्यालय में मिले और आगामी 22 मार्च को सुबह 9 बजे सिरसा क्लब में होने वाली वार्षिक सामान्य बैठक के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान उपायुक्त शांतनु शर्मा से सिरसा क्लब के सचिव राजेश गोयल, वरिष्ठ उपप्रधान सुभाष गुंबर, कोषाध्यक्ष अतुल रातुसरिया, उपप्रधान साहिल बंसल व ज्वाइंट सेक्रेट्री सिकंदर खट्टर ने शिष्टाचार भेंट की। सभी क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि सिरसा क्लब के चेयरमैन के तौर पर उपायुक्त का इस बैठक में आना और सिरसा क्लब की सामाजिक गतिविधियों में और बेहतरी लाने के अमूल्य सुझाव दिया जाना निश्चित ही क्लब के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने इस अवसर पर सिरसा क्लब के चुनावों के बाद चुनी गई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं भी दी।

# इग्नू ने दाखिले की अंतिम तिथि 30 मार्च तक बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू ), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने जनवरी 2026 सत्र के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 30 मार्च कर दिया है। यह जानकारी सीएमजी राजकीय महिला कॉलेज, भोडिया खेड़ा में संचालित इग्नू के कोऑर्डिनेटर डॉ. गुरनाम चंद ने दी। उन्होंने बताया कि यह तिथि विस्तार उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू होगा जो सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स को छोडक़र डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, यूजी और पीजी कार्यक्रमों के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इग्नू के पोर्टल पर पहले से पंजीकरण कर लिया है, लेकिन अभी तक फीस का भुगतान नहीं किया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे शीघ्र ही अपनी फीस जमा कर अपने प्रवेश को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। जिन विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए इग्नू में अपार संभावनाये उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी दाखिला संबंधित जानकारी लेने के लिए अपने नजदीकी अध्ययन केंद्र अथवा इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल से संपर्क कर सकते हैं।

# भूपेंद्र जैन पीएचडी की उपाधि से सम्मानित

### दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

गांव जलालआना में स्थित एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल भूपेंद्र जैन को शिक्षा जगत तथा समाज सेवा में योगदान देने के लिए मानद डाक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एसएस विश्वविद्यालय (संयुक्त राज्य अमेरिका) द्वारा दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। गौरतलब है कि विद्यार्थी जीवन से.ही समाज सेवा और शिक्षण कार्य में आए भूपेंद्र जैन वर्ष 1994 में महज 18 बर्ष की आयु में ही ग्रामीण शिक्षा मे अपना योगदान देना शुरु किया तथा ग्रामीण क्षैत्र में



**सिरसा।** दिल्ली में आयोजित समारोह भूपेंद्र जैन को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित करते।

स्कूल स्थापित किया।भूपेन्द्र जैन ने प्राथमिक विद्यालय शुरू करने के साथ-साथ समाज सेवा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया और 1994 से लेकर लगातार 24 वर्ष तक युवा क्लब जलालआना के महासचिव रहे। उनके कार्यकाल में सुनामी राहत के लिए आर्थिक योगदान सामूहिक कन्याओं की शादी, बाढ़ राहत सामग्री, मेडिकल कैंप, रक्तदान कैंप, खेल टूर्नामेंट व वृक्षारोपण समेत अनेक सामाजिक कार्य किए गए।

# ब्रह्मलीन आत्मानंद महाराज का निर्वाण दिवस मनाया

### श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर ट्रस्ट ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर ट्रस्ट द्वारा ब्रह्मलीन विचार आत्मानंद महाराज का निर्वाण दिवस बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया इस उपलक्ष्य में विचार आश्रम मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम किए गए। इन कार्यक्रमों में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने शिरकत की। स्वामी विचार सेवानंद महाराज की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वामी ध्यान प्रेमानंद और स्वामी विज्ञान प्रेमानंद महाराज ने वचनों की अमृत वर्षा करके श्रद्धालुओं को निहाल किया। इस समारोह में देश के विभिन्न भागों से



**फतेहाबाद।** श्री विचार आश्रम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद संत-महात्मा।

आए दरबार-ऐ-नंगली के महापुरुषों ने सत्संग- प्रवचन एवं कीर्तन किए।श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम ट्रस्ट फतेहाबाद के सचिव संत स्वामी ध्यान प्रेमानंद पुरी ने बताया कि सार्थक एवं प्रभावी उपदेश वही है जो वाणी से नहीं अपितु व्यवहार से दिया जाता है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी विज्ञान प्रेमानंद पुरी ने बताया कि सेवा और सिमरन ही इस मानव जीवन का उद्देश्य है।

**स्वास्थ्य शिविर लगाया**

इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. अमित आहूजा व उनकी टीम द्वारा सेवाएं अपनी दी गई। शिविर में 180 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई। श्रद्धालुओं के लिए अटूट भंडारा जलपान इत्यादि की सेवाएं कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े श्रद्धा भाव के साथ की गई। इस अवसर पर लायंस क्लब से एडवोकेट पुनीत बंसल, रवि मोगा, पार्षद रमेश गिलहोत्रा, नीरज भठेजा, सचेत मुंजाल, कृष्ण धूड़िया, साहिल, विकास शर्मा, मनोज नारंग, ट्रस्ट के प्रधान कृष्ण वधवा, बबलू वधवा, शम्मी ढींगड़ा, गोल्डी, प्रिंस ग्रोवर, संजीव टुटेजा, सुदर्शन नरूला, सुरेश टुटेजा आदि मौजूद रहे।

## पन्नीवाला रुलदू में लगा स्टेम मेला

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्नीवाला रुलदू में बुधवार को स्टेम मेले का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं सामाजिक विज्ञान विषयों से संबंधित कार्यशील मॉडल, शैक्षणिक चार्ट एवं विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और गतिविधियों का शानदार प्रदर्शन किया। मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार को बढ़ावा देना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य बसंत सिंह के कुशल नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर चंपा रानी, हरपाल सिंह, यशपाल, आशिमा चुघ, राजपाल एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवद्र्धन किया।

# हेरोइन सहित तीन नशा तस्कर किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने जिला क्षेत्र से तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हेरोइन व चूरापोस्त बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान सुरजीत सिंह, शमशेर सिंह व गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी ने बताया बुधवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सिरसा शहर के रानियां चुंगी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुडक़र भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे दबोच लिया और तलाशी ली



तो उसके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई। सीआईए कालांवाली पुलिस ने गांव मिठड़ी क्षेत्र से शमशेर सिंह को हेरोइन सहित दबोचा है। पुलिस ने उपरोक्त दोनों आरोपियों से 12 ग्राम हेरोइन बरामद की है। इसके अलावा सीआईए डबवाली पुलिस ने गांव देसूजोधा क्षेत्र से गुरप्रीत सिंह को दो किलोग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है।

## जानलेवा हमले के मामले में नौवें आरोपी को पकड़ा

**फतेहाबाद।** गांव बुर्ज के पंच पर हुए जानलेवा हमले के मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने नौवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान रवि उर्फ बिंदु पुत्र अशोक कुमार निवासी सुखमनपुर के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि शिकायतकर्ता हीरा सिंह निवासी गांव बुर्ज ने पुलिस को बताया था कि 10 अक्टूबर 2025 को जब वह अपने साथियों के साथ एक मकान में बैठा था, तब सफेद रंग की स्कॉर्पियो में सवार होकर आए आरोपियों ने हथियारों से उस पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया वा जाते समय दो बाईको को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित हीरा सिंह के बयानों और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर थाना सदर रतिया में मामला दर्ज किया गया था।

# पायल को कुश्ती में गोल्ड मेडल जीतने पर नवाजा



**सिरसा।** पदक विजेता पायल को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर बेगू में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पायल के 50 किलोग्राम भार वर्ग में ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज में गोल्ड मेडल हासिल करने पर बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक सिरसा के अध्यक्ष गुरदीप सैनी, उपप्रधान प्राचार्य शमशेर शर्मा व स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा ने स्मृति चिह्न देकर प्रतिभा का सम्मान किया। ऑ ल इंडिया सिविल सर्विसेज में फ्री स्टाइल ग्रीको रोमन स्टाइल महिला फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन गत दिवस हिमाचल प्रदेश में किया गया था। स्कूल प्रिंसिपल जितेंद्र कौर ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।



## जेल लोक अदालत में एक बंदी रिहा

**सिरसा।** जिला जेल में बुधवार को जे लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें एक बंदी को रिहा किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि जेल लोक अदालत में तीन मामलों की फाइलें प्रस्तुत की गईं, जिनमें से एक मामले का निपटारा करते हुए बंदी को रिहा किया गया। उन्होंने बताया कि जेल लोक अदालत का आयोजन प्रत्येक माह दो बार किया जाता है, जो माह के प्रथम एवं तृतीय बुधवार को आयोजित होती है।

# अग्रवाल वैश्य समाज के राजेंद्र तीसरी बार बने जिला प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने संगठन निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश महामंत्री राजेश सिंगला की अनुशंसा पर राजेंद्र मित्तल को जिला फतेहाबाद का तीसरी बार जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। वही समाजसेवी वीरेंद्र जैन भूना को जिला महामंत्री एवं समाजसेवी विपिन गोयल को जिला कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि गत दिवस प्रदेश स्तरीय अधिवेशन एवं द्विवार्षिक चुनावों में सभी कार्यकारिणियों को भंग कर दिया गया था, जिसके उपरांत पुनः प्रदेश अध्यक्ष बने



राजेंद्र मित्तल।

अशोक बुवानीवाला ने अपनी नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में राजेंद्र मित्तल को तीसरी बार जिले की कमान देने के उपरांत वीरेंद्र जैन को जिला महामंत्री एवं विपिन गोयल को जिला कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर राजेंद्र मित्तल, वीरेंद्र जैन एवं विपिन गोयल ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला एवं प्रदेश महामंत्री राजेश सिंगला का आभार व्यक्त किया।

### श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन किया संबोधित

# सत्संग व कथा श्रवण का अवसर गंवाना नहीं चाहिए: आत्मानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

स्वामी आत्मानंद पुरी महाराज ने कहा कि कथा श्रवण व सत्संग से विवेक जागृत होता है और विवेक होने पर मोह खत्म हो जाता है, धर्म अधर्म में भेद पता लगने लगता है, मोह खत्म होने व धर्म की राह पर चलने से भगवान के चरणों में प्रीति होने लगती है और जीव अपने सहज रूप को प्राप्त कर लेता है। इसलिए मनुष्य को सत्संग व भगवान की कथा के श्रवण का कोई भी अवसर बेकार नहीं गंवाना चाहिए। शिव शक्ति योग मिशन सिरसा द्वारा आयोजित श्रीमद



**सिरसा।** कथा में प्रचन करते स्वामी आत्मानंद पुरी।

भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन स्वामी आत्मा नंद पुरी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। अष्ठ सिद्धियों की चर्चा करते हुए स्वामी ने कहा कि सच्चा भक्त किसी भी तरह की सिद्धि के चक्कर में नहीं फंसता, क्योंकि सिद्धियों से वैभव, प्रतिष्ठा, प्रशंसा तो मिल सकती है पर ईश्वर की प्राप्ति नहीं हो सकती। महाराज ने मन की चंचलता व गति के बारे में बताया कि हमारा मन बंधन का भी कारण है और मुक्ति का भी क्योंकि मन अनुकूलता में सुखी, प्रतिकूलता में दुखी हो जाता है। अतः मन पर नियंत्रण रखते हुए शुद्ध व निष्कपट मन व निष्काम भाव से ईश्वर का स्मरण करते हुए जीवन यात्रा तय करनी चाहिए।

**सभी पदाधिकारी को दी शुभकामनाएं**

अंत में भगवान कृष्ण के परम धाम जाने के बारे में विस्तार से बताते हुए सुन्दर व व्यवस्थित भागवत कथा के आयोजन हेतु शिव शक्ति योग मिशन सिरसा के सभी पदाधिकारी और सदस्यों को साधुवाद देते हुए सभी के मंगलमय जीवन के लिए आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। आज की कथा में लालगढ़िया अस्पताल के संचालक डा. संजय लालगढ़िया, नत्थू राम गर्ग, सुशील गोयल, योगेश गर्ग, हिमेश गर्ग, दिनेश गर्ग, मदन लाल गुप्ता, निर्मल कंदोई, विश्व बंधु गुप्ता, सुमन मित्तल, सुभाष जिंदल, रमेश जमालिया, सुभाष खेतड़ी वाला, भीम जिंदल आदि उपस्थित रहे। भागवत जी की आरती व प्रसाद वितरण के साथ कथा सातवें दिन की कथा समाप्त हुई।

## खबर संक्षेप

### सुनील अग्रवाल परिवार सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष बने

**सिरसा।** श्री अग्रवाल परिवार सेवा ट्रस्ट की बैठक बुधवार को हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सुनील कंदोई को पुनः प्रधान चुना गया है। कार्यकारिणी ने आगामी वित्त वर्ष के लिए अग्रवाल परिवार के आर्थिक रूप से असमर्थ बच्चों की पढ़ाई के लिए संस्था की ओर फीस माफ करने व विवाह योग्य युवक-युवतियों के विवाह करवाने के बारे में भी निर्णय लिया। बैठक में अनिल गोयल, सीता राम जमालिया, सुनील, युधिष्ठिर गुप्ता, नरेश महिपाल, संदीप गोयल, संजय गोयल, हरीश बंसल, कमल बंसल, सुरेश बंसल, विकास अग्रवाल, कमल सिंगला, विजय कसेरा, नरेंद्र मित्तल, शोभित कंदोई आदि मौजूद थे।

### पनिहारी में पशु चिकित्सा शिविर लगाया

**सिरसा।** पशुपालकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गांव पनिहारी में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान करीब 150 पशुओं के लिए पशुपालकों को मौके पर ही दवाइयाँ वितरित की गई। पशुपालन विभाग और कुछ निजी कंपनियों जैसे वीरबेक और एनिमेक्स के सहयोग से पशुपालकों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। डॉ. ललित मोहन ने बताया कि समय पर इलाज और सही देखभाल से दुध की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे शिविर गांव स्तर पर नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए। इससे पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आय में भी सुधार होगा।

### लाधुनाथ जयंती पर भूना में हुई बैठक

**भूना।** 20 मार्च को चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर, मुख्यमंत्री आवास में होने वाले लाधुनाथ जयंती समारोह को लेकर नायक समाज में उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में जनसंपर्क अभियान के तहत भूना की नायक बस्ती स्थित कुटिया में बैठक का आयोजन किया गया। हेड़ी/नायक समाज के वरिष्ठ नेता जगदीश नायक के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में समाज के गणमान्य लोग एकत्रित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य जयंती समारोह की रूपरेखा साझा करना और समाज के लोगों को भारी संख्या में चंडीगढ़ पहुंचने का निमंत्रण देना था। जगदीश नायक ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज की एकता का प्रतीक होते हैं।

### एसडीएम ने खाद्य व आपूर्ति विभाग का किया निरीक्षण

**टोहाना।** एसडीएम आकाश शर्मा ने सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, टोहाना के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय की समग्र कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, रिकॉर्ड प्रबंधन व्यवस्था तथा विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कहा कि विभाग जनहित से सीधे जुड़ा एक महत्वपूर्ण विभाग है, जिसकी भूमिका आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अहम है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने, नागरिकों के साथ सभ्य व्यवहार बनाए रखने तथा सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सड़कों पर उतरे नप कर्मचारी, लाल बत्ती चौक पर पुतला फूंककर किया प्रदर्शन

# ठेकेदारी प्रथा के तहत मिलने वाला वेतन ऊंट के मुंह में जीरे के समान : नरेश राणा

- कर्मचारियों ने 30 हजार रुपये मासिक वेतन व नियमित करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** नगरपरिषद अधिकारी को ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार की वादाखिलाफी और ठेकेदारी प्रथा के तहत हो रहे शोषण के खिलाफ नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगरपरिषद कर्मचारियों ने आज फतेहाबाद की सडक़ों पर विरोध प्रदर्शन किया। शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कर्मचारी लाल बत्ती चौक पर पहुंचे, जहां सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और प्रतीकात्मक रूप से 'ठेकेदारी प्रथा' का पुतला दहन किया गया। इसके बाद नगरपरिषद सचिव को मांग पत्र भी सौंपा गया।

नगरपरिषद के सफाई कर्मचारी और फायर कर्मचारी नप कार्यालय में एकत्रित हुए। वहां से ब्लाक प्रधान नरेश राणा की अध्यक्षता में प्रदर्शन शुरू हुआ। शहर के बाजारों से गुजरते हुए जब यह प्रदर्शन लाल बत्ती चौक पर पहुंचा, तो वहां का माहौल पूरी तरह कर्मचारी एकता के नारों से गूंज उठा।

प्रदर्शनकारियों ने ठेकेदारी प्रथा को 'मजदूरों का काल' बताते हुए उसे आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शन के दौरान सचिव ओमप्रकाश लोट व नरेश राणा ने ठेकेदारी प्रथा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि ठेकेदार न तो समय पर वेतन दे रहे हैं और न ही सरकार के निर्धारित नियम मान रहे हैं। उन्होंने सरकार के सामने मांग रखी कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार सभी कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया जाए। पक्का होने तक कम से कम 30 हजार रुपये मासिक वेतन सुनिश्चित हो। कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए पुरानी पेंशन प्रणाली को तुरंत लागू किया जाए। वेतन का 6 प्रतिशत बकाया एरियर और 5 हजार रुपये की अंतरिम राहत दी जाए। उन्होंने कहा कि सरकार बजट पूरा देती है, लेकिन बीच में बैठा ठेकेदार कर्मचारियों के हक का पैसा डकार जाता है। न समय पर वेतन मिलता है और न ही ईएसआई-पीएफ की सुविधा। सफाई कर्मचारी और सीवर मैन अपनी जान जोखिम में डालकर शहर को साफ रखते हैं, लेकिन ठेकेदार उन्हें सुरक्षा उपकरण तक मुहैया नहीं कराते। महंगाई के इस दौर में जहाँ दाल-रोटी का जुगाड़ मुश्किल है, वहाँ ठेकेदारी प्रथा के तहत मिलने वाला वेतन ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। ठेकेदार जब चाहे किसी भी पुराने कर्मचारी को नौकरी से निकाल देता है। यह डर कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। कर्मचारी नेताओं ने साफ किया कि यदि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर जल्द संज्ञान नहीं लिया, तो 12 अप्रैल को रोहतक में होने वाले राज्य स्तरीय कन्वेंशन के बाद पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तोषामड़, राज्य प्रेस सचिव विजय ढाका, ब्लॉक उपप्रधान अमित गिल, वरिष्ठ उपप्रधान सत्यवान टॉक, वीरू रत्ती, अनिल चौहान, पवन चिनालिया, गुरदयाल भट्टी सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।



**सिरसा।** ठेका प्रथा के विरोध में सरकार का पुतला फूंकते कर्मचारी।

## नपा सफाई कर्मचारियों ने ठेका प्रथा के विरोध में फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगर पालिका कर्मचारी संघ ने बुधवार को ठेका प्रथा के विरोध में रोष प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला फूंका। सिरसा नगर परिषद सहित डबवाली, ऐलनाबाद, रानियां व कालांवाली में सफाई कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे हैं। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार कर्मचारियों का शोषण कर रही है। यूनियन के जिला प्रधान मुकेश कुमार ने बताया कि कर्मचारियों की मांग है कि हरियाणा में ठेका प्रथा को बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि ठेका प्रथा बंद की जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक ठेके पर लगे सफाई कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जाता तब तक उन्हें 30 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाए।

### ठेकेदारी प्रथा से कर्मचारियों का शोषण हो रहा : पुहाल

रानियां नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान सोमपाल पुहाल ने कहा कि पालिकाओं में सफाई व सीवर के कार्य ठेकेदारी प्रथा से करवाए जा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि ठेकेदारी प्रथा पर तुरंत रोक लगाई जाए, कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। सोमपाल पुहाल ने बताया कि ठेकेदार द्वारा हटाए गए तीन कर्मचारियों को चार माह से ड्यूटी पर वापस नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा रानियां में फरवरी माह का वेतन भी अभी तक कर्मचारियों को नहीं दिया गया है। इस मौके पर रमेश पाल, सज्जन कुमार, ममता रानी, सुखांत कौर, सुमित्रा देवी, अनूप कुमार, भरत कुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सम्मेलन 'फ्यूचर पाथवेज इन इंटीग्रेटिव कैंसर केयर' में नमन रत्ती करेंगे प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। कैंसर को लेकर राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते नमन रत्ती।

फतेहाबाद जिले के लिए गौरवशाली उपलब्धि हासिल करते हुए, युवा सामाजिक कार्यकर्ता नमन रत्ती ने चंडीगढ़ में आयोजित चौथे राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में बतौर पैनलिस्ट शिरकत की। 'फ्यूचर पाथवेज इन इंटीग्रेटिव कैंसर केयर' विषय पर केंद्रित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में नमन ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ रहे मरीजों के सामाजिक और मानसिक पहलुओं पर जिले और युवाओं का प्रतिनिधित्व किया। चंडीगढ़ में आयोजित इस सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित डॉक्टरों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस उच्च स्तरीय चर्चा का मुख्य उद्देश्य भारत में कैंसर उपचार को केवल दवाओं तक सीमित न रखकर उसे 'मरीज-केंद्रित' और 'समग्र' बनाना था। सम्मेलन में नमन रत्ती ने एक अहम भूमिका निभाते हुए बताया कि किस तरह चिकित्सा के साथ-साथ पोषण, पुनर्वास और सामाजिक समर्थन मरीज की रिकवरी में गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

पैनल चर्चा के दौरान नमन रत्ति ने जमीनी हकीकत को बयां करते हुए कहा, कि कैंसर केवल एक शारीरिक बीमारी नहीं है, बल्कि यह मरीज और उसके परिवार के लिए एक बड़ी सामाजिक और मानसिक चुनौती भी है। एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में हमारा कर्तव्य है कि हम मरीज को समाज में वही सम्मान और स्वीकृति दिलाएं, जो उसे बीमारी से पहले प्राप्त थी। उन्होंने विशेष रूप से रतिया जैसे क्षेत्रों का जिक्र करते हुए घग्घर के साथ लगते इलाकों में कैंसर के प्रति जागरूकता और सामाजिक स्वीकार्यता बढ़ाने पर जोर दिया।

### नमन को दी बधाई

नमन रत्ती की इस उपलब्धि पर फतेहाबाद के विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है। लोगों का कहना है कि फतेहाबाद के एक युवा का राष्ट्रीय स्तर के इतने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मंच पर अपनी बात रखना यह दर्शाता है कि जिले के युवा अब नीति-निर्माण और जन-स्वास्थ्य जैसे गंभीर विषयों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। नमन रत्ती ने सम्मेलन के अंत में यह संकल्प दोहराया कि वे फतेहाबाद में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और मरीजों को सही मार्गदर्शन दिलाने के लिए अपनी गतिविधियों को और तेज करेंगे।

## कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने की साजिश : लवी बाठ


# किसान यूनियन ने ट्रैक्टर ट्राली पर नंबर और बायोमेट्रिक नियम का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद।



लवी बाठ।

हरियाणा में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होने से पहले ही सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियमों ने तूल पकड़ लिया है। मंडी गेट पास के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नंबर अनिवार्य करने और बायोमेट्रिक की शर्त पर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने कड़ा ऐतराज जताया है। समिति के फतेहाबाद ब्लॉक प्रधान लवी बाठ ने सरकार की इन नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए इसे 'कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने की साजिश' करार दिया है। किसान नेता लवी बाठ ने सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज प्रदेश में नशा आम बिक रहा है, उस पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। लेकिन जब किसान अपनी खून-पसीने की कमाई मंडी में बेचने आता है, तो उस पर इतनी पाबंदियां थोप दी जाती हैं जैसे वह कोई अपराध कर रहा हो। कभी पोर्टल की समस्या, कभी ट्रैक्टर नंबर की अनिवार्यता और अब बायोमेट्रिक का झमेला, किसान आखिर खेती करे या दस्तावेज तैयार करवाता फिरे। किसान संघर्ष समिति का आरोप है कि मंडी में जटिल नियम जानबूझकर बनाए जा रहे हैं ताकि किसान परेशान होकर सरकारी मंडियों से किनारा कर ले। लवी बाठ ने कहा कि यह साफ नजर आ रहा है कि सरकार चाहती है कि किसान मंडियों में न जाए और मजबूर होकर अपनी फसल अंबानी-अडानी के साइलो में ले जाए। उन्होंने कहा कि कई बुजुर्ग किसानों के अंगूठे के निशान मशीन पर नहीं आते, जिससे गेट पास कटने में भारी देरी होगी। कई किसानों के पास पुराने ट्रैक्टर हैं या वे किराए की ट्रॉलियों का उपयोग करते हैं, जिन पर नंबर स्पष्ट न होने की स्थिति में उन्हें मंडी में प्रवेश नहीं मिलेगा। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि फसल खरीद रुकने पर बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।



**फतेहाबाद।** धरना देते जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

### एक्सईएन के अड़ियल रवैये के खिलाफ पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**फतेहाबाद।** जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी के कार्यालय के समक्ष धरना दिया। धरने की अध्यक्षता प्रधान राजू राम शर्मा ने की व संचालन मुकेश कड़वासरा ने किया। धरने में राज्य प्रधान ईश्वर सिंह शर्मा, राज्य उपाध्यक्ष बलवान सिंह कालीरावण, राज्य कोषाध्यक्ष भगवान सिंह, राजकुमार सेन, जिला सचिव संजय कुमार, चेयरमैन सीताराम सुथार आदि कर्मचारी नेता मौजूद रहे। राज्य प्रधान ईश्वर शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की एचकेआरएन में कर्मचारियों की वैरिफिकेशन सहित अन्य मांगें जायज है। 2024 से 2027 तक की एलटीसी का बजट आया हुआ है लेकिन एक्सईएन कर्मचारी विरोधी रवैया अपनाए हुए हैं। कर्मचारियों की मांगों का निपटारा करने की बजाय कार्यालय को छोड़कर जाना गलत है।

# विद्यार्थियों को आईआईटी में करियर की दी जानकारी

- कार्यक्रम में छात्रों को गेट, जैम परीक्षाओं के अवसर व तैयारियों पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा





**सिरसा।** विद्यार्थियों को आईआईटी में करियर बारे जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा आईआईटी में करियर विषय पर एक्सटेंशन टॉक हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉमर्स व गणित के विद्यार्थियों को स्नातक के बाद भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में उपलब्ध उच्च शिक्षा एवं करियर के विविध अवसरों के बारे में जागरूक करना था।

आईआईटी कानपुर से विकास ने मुख्यवक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि स्नातक के बाद आईआईटी में प्रवेश के लिए विभिन्न परीक्षाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से कई अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने विशेष रूप से गेट, जैम आदि अन्य प्रवेश प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इन परीक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थी आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में एमटेक, एमएससी, पीएचडी आदि कार्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि विद्यार्थी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर नियमित तैयारी करें, तो आईआईटी जैसे संस्थानों में अध्ययन करना संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ-साथ रिसर्च, इनोवेशन तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर के अवसरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया। प्राचार्या अंशु उप्पल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपने भविष्य के प्रति जागरूक करने में अत्यंत सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने करियर के प्रति गंभीर रहते हुए उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका डॉ. निशा तलंगा व सह-संयोजिका डॉ. दीपिका शर्मा ने किया, जबकि प्रियंका तथा गणित विभागाध्यक्षा नेहा गर्ग ने भी कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**सिरसा।** स्वर्ण पदक विजेता एकता खुशी का इजहार करते हुए।

### मुक्केबाज एकता ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग में जीता गोल्ड

**सिरसा।** सिरसा की मुक्केबाज एकता ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरते हुए गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। एकता ने पंजाब के जालंधर स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में बीती 9 से 14 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप के 70-75 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। एकेडमी के संचालक व अर्जुन अवॉर्डी ओलंपियन जय भगवान और कोच रॉबिन बिश्नोई ने खिलाड़ी की सराहना करते हुए कहा कि एकता एक उभरती हुई खिलाड़ी है। उन्होंने विश्वास जताया कि वह जल्द ही अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भी देश का नाम रोशन करेगी और अपने माता-पिता व गुरुजनों का गौरव बढ़ाएगी। ओलंपियन जय भगवान ने कहा कि उनकी संस्था का प्राथमिक उद्देश्य सिरसा को नशामुक्त बनाना और बच्चों को डिजिटल गेमिंग की लत से दूर रखकर उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है।

## फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना की प्रक्रिया से कराया अवगत

# कार्यशाला में दी हाउस लिस्टिंग एप की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** फील्ड ट्रेनर्स को जानकारी देते ट्रेनर मास्टर सुरेंद्र कुमार।

जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर पंचायत भवन में आयोजित फील्ड ट्रेनर्स की कार्यशाला के अंतिम दिन प्रतिभागियों को हाउस लिस्टिंग एप से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का लेआउट मैप तैयार करना, हाउस लिस्टिंग एप पर डाटा दर्ज करना तथा सर्वे के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों को विस्तार से समझाया गया।

कार्यशाला में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हिमांशु और एसोसिएट प्रोफेसर एवं मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र कुमार ने फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना की पूरी प्रक्रिया के विभिन्न चरणों से अवगत कराया। विशेष रूप से लेआउट मैप बनाने की विधि पर जोर दिया गया, ताकि प्रत्येक क्षेत्र का सटीक और व्यवस्थित रिकॉर्ड तैयार किया जा सके। साथ ही, प्रतिभागियों को हाउस लिस्टिंग एप इंस्टॉल करने, आईडी बनाने, लॉगिन करने और उसे सही तरीके से संचालित करने का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान एप के काम करने का तरीका, डाटा सबमिट करने की प्रक्रिया और त्रुटियों से बचाव के उपाय भी विस्तार से बताए गए। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि डिजिटल माध्यम से जनगणना को अधिक पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनाया जा रहा है, इसलिए सभी ट्रेनर्स को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना आवश्यक है।

### 34 प्रश्नों को विस्तारपूर्वक समझाया गया

उन्होंने बताया कि हाउस लिस्टिंग के अंतर्गत पूछे जाने वाले 34 प्रश्नों को भी विस्तारपूर्वक समझाया गया, जिनमें परिवार की संरचना, आवास की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं और अन्य सामाजिक-आर्थिक जानकारी शामिल है। इसके साथ ही फील्ड में आने वाली संभावित समस्याओं और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई। ट्रेनर्स को निर्देश दिए गए कि जब वे किसी के घर जाएं तो उनका व्यवहार अत्यंत विनम्र और मित्रतापूर्ण होना चाहिए, ताकि परिवारजनों को किसी प्रकार की असहजता महसूस न हो और वे सहजता से सही जानकारी उपलब्ध कराएं। अधिकारियों ने कहा कि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े जुटाने में फील्ड ट्रेनर्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए उन्हें हर पहलू की गहन जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया और उन्हें जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया।

## एसएमएस व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को बना रहे शिकार

# एलपीजी सिलेंडर की जल्द बुकिंग का झांसा देकर कर रहे साइबर ठगी: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



एसपी सिद्धांत जैन।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को एलपीजी गैस बुकिंग के नाम पर हो रही साइबर ठगी को लेकर सतर्क रहने की अपील की है। उनका कहना है कि गैस सिलेंडर की कमी या जल्दी डिलीवरी के लालच में साइबर अपराधी लोगों को फर्जी वेबसाइट, लिंक और मैसेज के जरिए ठगी का शिकार बना रहे हैं।

एसपी ने बताया कि इस प्रकार की ठगी में साइबर अपराधी एसएमएस, सोशल मीडिया या व्हाट्सएप के माध्यम से फास्ट एलपीजी बुकिंग जैसे मैसेज भेजते हैं। इन मैसेज में दिए गए लिंक पर क्लिक करने के बाद यूजर को एक फर्जी वेबसाइट पर ले जाया जाता है, जो बिल्कुल असली गैस एजेंसी जैसी दिखती है। इसके बाद ठग यूजर से गैस बुकिंग के नाम पर एडवांस पेमेंट मांगते हैं। कई मामलों में वे यूपीआई, कार्ड डिटेल या ओटीपी भी हासिल कर लेते हैं। पैसे ट्रांसफर होने के बाद ना तो गैस सिलेंडर की डिलीवरी होती है और ना ही ठगों से संपर्क हो पाता है। एसपी ने बताया कि साइबर ठगी से बचने के लिए एलपीजी गैस बुकिंग केवल आधिकारिक ऐप या अधिकृत गैस एजेंसी के माध्यम से ही करें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ठगी का शिकार होने पर आमजन तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।